कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री पुष्कर कुमार मित्तल, निवासी 91, नन्दपुरी मालवीय नगर, जयपुर राजस्थान– 302017

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा

अपील संख्या 96/2025

निर्णय

दिनांक 30.09.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2436 दिनांक 03.09.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। अपील में पूछे गये गई बिन्दु प्रश्नात्मक एवं विश्लेषण की श्रेणी में आते है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को दिल्ली बडौदरा एक्सप्रेस वे एन.एच.148 एन के पारित अवार्ड की प्रति आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.11.04 16:47:11 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official